**पटना में दिनांक–25 नवम्बर, 2025 मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–**

**उद्योग विभाग**

1. बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब (Tech Hub) के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी व फिनटेक सिटी की स्थापना हेतु कार्य योजना के निर्माण तथा उसके कार्यान्वयन का सतत् अनुश्रवण करने के लिए शीर्ष समिति के गठन की स्वीकृति के संबंध में। — 1. **स्वीकृत।**

**उद्योग विभाग**

2. बिहार को न्यू एज इकोनॉमी अंतर्गत एक 'वैश्विक–बैक एंड–हब' एवं 'ग्लोबल वर्क प्लेस' के रूप में अगले पाँच वर्षों में स्थापित करने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु कार्य योजना के निर्माण तथा उसके कार्यान्वयन का सतत् अनुश्रवण करने के लिये शीर्ष समिति के गठन की स्वीकृति के संबंध में। — 2. **स्वीकृत।**

**उद्योग विभाग**

3. बिहार के प्रतिभाशाली उद्यमियों एवं युवाओं को राज्य अंतर्गत स्टार्ट अप एवं अन्य न्यू एज इकोनॉमी प्रक्षेत्र के रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को विस्तारित/प्रोत्साहित करने हेतु कार्य योजना के निर्माण करने एवं उसके कार्यान्वयन का सतत् अनुश्रवण करने के लिए शीर्ष समिति के गठन की स्वीकृति के संबंध में। — 3. **स्वीकृत।**

**सूचना प्रावैधिकी विभाग**

4. बिहार राज्य को कृत्रिम बुद्धिमता (Artificial Intelligence) के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने हेतु बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन (Bihar Artificial Intelligence Mission) की स्थापना की स्वीकृति के संबंध में। — 4. **स्वीकृत।**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

5. राज्य में सुनियोजित एवं गुणवत्ता युक्त शहरी विकास हेतु 11 नये सैटेलाईट टाउनशिप/ग्रीनफिल्ड टाउनशिप के विकास के सैद्धान्तिक सहमति तथा प्रस्ताव तैयार करने के संबंध में। — 5. **स्वीकृत।**

## गन्ना उद्योग विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | राज्य में नये चीनी मिलों की स्थापना एवं पुराने बंद पड़े चीनी मिलों के पुनरूद्धार से संबंधित नीति निर्धारण/कार्य योजना हेतु मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति के गठन की स्वीकृति के संबंध में। | **10.** | **स्वीकृत।** |